साहित्य अकादेमी

स्वच्छता पखवाड़ा (16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2018)

स्वच्छता शपथ

16 अप्रैल 2018

साहित्य अकादेमी द्वारा 16 अप्रैल 2018 को स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली सहित क्षेत्रीय कार्यालयों में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली में पूर्वाह्न 11.00 बजे आयोजित स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए साहित्य अकादेमी के सचिव, डॉ. के. श्रीनिवासराव ने स्वच्छता मिशन के बारे में बताते हुए सभी कर्मचारियों को कार्यालय, अपने आवास तथा आस–पड़ोस की साफ–सफाई हेतु स्वच्छता की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि जैसे हम अपने घर–आंगन–गली इत्यादि की सफाई मन से करते हैं उसी प्रकार हमें कार्यालय को भी साफ–सुथरा रखना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में सचिव, साहित्य अकादेमी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई और आने वाले पखवाड़े में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना देते हुए उनमें ज्यादा–ज्यादा से संख्या में भाग लेने की अपील की।